**न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**न्याय कक्ष संख्या–02, बुलन्दशहर।**

कोमल बनाम आकाश आदि।
दाण्डिक प्रकीर्ण वाद संख्या – 397/2026
वाद संख्या– 47/2026
एन सी आर संख्या– 0031/2025
थाना –बी०बी०नगर, जिला – बुलन्दशहर
दिनांक – 25.03.2026

आवेदिका कोमल की ओर से प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 174(2) बी०एन०एस०एस०, एन०सी०आर० संख्या– 0031/2025, अन्तर्गत धारा 115(2),352,324(4) बी०एन०एस० थाना बी०बी०नगर की विवेचना कराए जाने की अनुमति प्रदान करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदिका की ओर से कथानक के समर्थन में एन0सी0आर0 की प्रति, सम्बन्धित थाना प्रभारी को रिपोर्ट दर्ज करने के सम्बन्ध में दिये गये प्रार्थना पत्र की प्रति एवं आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत की गयी है।

संबंधित थाने से प्राप्त आख्यानुसार एन0सी0आर0 0031/2025, अन्तर्गत धारा 115(2),352,324(4) बी०एन०एस० थाना बी०बी०नगर पर पंजीकृत है।

सुना एवं अवलोकन किया।

पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर मामले की विवेचना कराया जाना आवश्यक प्रतीत हो रहा है। अतः प्रार्थीया की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 174(2)बी०एन०एस०एस० स्वीकार किया जाता है। एन0सी0आर0 संख्या–0031/2025 में विवेचना की अनुमति प्रदान की जाती है। सम्बन्धित थाना प्रभारी को निर्देशित किया जाता है कि वह नियमानुसार उपरोक्त वर्णित एन0सी0आर0 की विवेचना सम्पादित कराए।

इस आदेश की एक प्रति सम्बन्धित थाने को प्रेषित की जाए।

**दिनांक 25.03.2026**

**(अविरल सिंह)**
अपर मुख्य न्या0 मजि0
न्याय.कक्ष सं0–02, बुलन्दशहर।